एक देश एक आँगनवाड़ी कार्यक्रम

प्रलिम्सि के लिये:

आँगनवाड़ी कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD), सरकारी ई-मार्केट (GeM), पोषण अभियान (समग्र पोषण के लिये प्रधानमंत्री की व्यापक योजना), **PM पोषण शक्ति निर्माण (PM-POSHAN)**, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियिम, 2013 (NFSA), मिड-डे मील, सक्षम आँगनवाड़ी और पोषण 2.0, NHRM

मेन्स के लिये:

भारत में पोषण के मुद्दों से निपटने के लिये एक राष्ट्र एक आँगनवाड़ी कार्यक्रम का प्रभाव, छिपी हुई भुखमरी के मुद्दों हेतु स्थानीय और विविध समाधान की आवश्यकता है।

चर्चा में क्यों?

पोषण ट्रैकर एप पर 'एक देश एक आँगनवाड़ी' कार्यक्रम के लिये 57,000 से अधिक प्रवासी श्रमिकों ने पंजीकरण कराया है।

- पोषण एप प्रवासी श्रमिकों को मोबाइल फोन पर पोषण ट्रैकर एप का उपयोग कर अपने संबंधित स्थानों से नर्सरी तक पहुँचने की अनुमति देगा।

पोषण ट्रैकर एप:

- **महिला और बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) ने पोषण ट्रैकर नामक एक एप्लीकेशन लॉन्च किया है।**
  - **पोषण ट्रैकर** प्रबंधन एप्लीकेशन **आँगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों का 360 डिग्री दृश्य** प्रदान करता है।
- एप आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं द्वारा किये गए कार्यों को डिजिटाइज़ और स्वचालित करके कुशल सेवा वितरण की सुविधा प्रदान करता है।
- कामगारों को उनके काम में सहयोग देने के लिये गवरनमेंट ई-मार्केट (GeM) के माध्यम से खरीदे गए स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं।
  - इसके अतिरिक्त **प्रत्येक राज्य में एक नामित व्यक्ति को तकनीकी सहायता प्रदान करने और नए पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन को डाउनलोड करने तथा उसका उपयोग करने से संबंधित** किसी भी मुद्दे को हल करने के लिये नियुक्त किया गया है।
- जिन **प्रवासी श्रमिकों** ने अपने मूल राज्य में पंजीकरण कराया है, वे एप**के माध्यम से प्रदान की जाने वाली योजनाओं और सेवाओं का उपयोग करने के लिये** अपने वर्तमान निवास स्थान के **निकटतम आँगनवाड़ी केंद्रों में** जा सकते हैं।

एप की उपलब्धियाँ

- **वर्ष 2018 में पोषण अभियान की शुरुआत** के बाद से अब तक कुल 10 करोड़ 6 लाख लाभार्थी इस एप पर पंजीकृत हो चुके हैं।
- 11-14 वर्ष के आयु वर्ग में स्कूल छोड़ने वाली **बालिकाओं की संख्या में विगत कुछ वर्षों में उल्लेखनीय गिरावट** आई है।
- पूर्वोत्तर और आकांक्षी ज़िलों में 22.40 लाख किशोरियों की पहचान की गई है, जिन्हें इस नई योजना के तहत कवर किया जाएगा, जो अब **पोषण 2.0** के दायरे में आती है।
- छह वर्ष तक की उम्र के बच्चों के लिये उम्र के हिसाब से टेक-होम राशन की व्यवस्था की जा रही है।

पोषण अभियान:

- **परिचय:**
  - **पोषण अभियान (समग्र पोषण के लिये प्रधानमंत्री की व्यापक योजना)** को **राजस्थान के झुंझुनू ज़िले में 8 मार्च, 2018 को** प्रधानमंत्री द्वारा **लॉन्च** किया गया था।
- **उद्देश्य:**
  - बच्चों (0- 6 वर्ष) में स्टंटिंग को रोकना और कम करना।
  - बच्चों (0-6 वर्ष) में अल्प-पोषण (कम वज़न प्रसार) को रोकना और कम करना।

- छोटे बच्चों (6-59 महीने) में एनीमिया के प्रसार को कम करना।
- 15-49 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया के प्रसार को कम करना।
- लो बर्थ वेट (LBW) कम करना।

आँगनवाड़ी:

- **आँगनवाड़ी सेवाएँ** (अब **सक्षम आँगनवाड़ी और पोषण 2.0** के रूप में नामित) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
- यह **छह सेवाओं का पैकेज प्रदान करती है**, अर्थात् (i) पूरक पोषण (ii) स्कूल-पूर्व अनौपचारिक शिक्षा (iii) पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा (iv) प्रतिरक्षण (v) स्वास्थ्य जाँच और (vi) रेफरल सेवाएँ।
- यह देश भर में आँगनवाड़ी केंद्रों के मंच के माध्यम से सभी पात्र लाभार्थियों अर्थात् 0-6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को सेवाएँ प्रदान करता है।
    - इनमें से तीन सेवाएँ नामतः प्रतिरक्षण, स्वास्थ्य जाँच और रेफरल सेवाएँ स्वास्थ्य से संबंधित हैं और **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन** तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

अन्य संबद्ध पहलें:

- एनीमिया मुक्त भारत अभियान
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)
- **पीएम पोषण शक्ति निर्माण (पीएम-पोषण)**

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन-से 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' के उद्देश्य हैं? (2017)

1. गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण के प्रति जागरूकता पैदा करना।
2. छोटे बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में रक्ताल्पता की घटना को कम करना।
3. बाजरा, मोटा अनाज और अपरिष्कृत चावल के उपभोग को बढ़ावा देना।
4. मुर्गी के अंडे के उपभोग को बढ़ावा देना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) केवल 3 और 4

उत्तर: (a)

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/one-nation-one-anganwadi-program